## सार-समाचार

### एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थ जलाकर नष्ट किया

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिले के विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थों का न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक बाड़मेर की अध्यक्षता में गङ्गित कमेटी द्वारा नष्ट करने योग्य मादक पदार्थों का शनिवार को गठित कमेठी की निगरानी में पुलिस फायरिंग रेंज में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ जब्ती के पुलिस थाना धोरीमन्ना के 17 प्रकरण, पुलिस थाना सेडवा के 9 प्रकरण, पुलिस थाना चौहटन व रागेश्वरी के 5-5 प्रकरण, पुलिस थाना शिव के 4 प्रकरण, पुलिस थाना ग्रामीण व धनाउ के 2-2 प्रकरण तथा पुलिस थाना बीजराड के 1 प्रकरण में इस प्रकार कुल 45 प्रकरणों में जब्त 11 क्विंटल 71 किलो 792 ग्राम डोडा पोस्त, 963 ग्राम 40 मि. ग्रा. स्मैक व 380 ग्राम 44 मि.ग्रा. एमडी (कीमतन करीब 4 करोड 44 लाख 53 हजार रूपये) को गठित कमेटी की निगरानी में इलेक्ट्रिक कांटे से वजन करवाया जाकर ताबाद तेल व लकड़ियों की सहायता से जलाकर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस, सुमेर सिंह ईन्दा, अपराध सहायक, सहायक उप निरीक्षक शेराराम ,जिला मालखाना प्रभारी तथा पुलिस थाना धोरीमन्ना, सेडवा, चौहटन, ग्रामीण, रागेश्वरी, शिव, बीजराड व धनाउ थानों के मालखाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### बालेसर में दिनदहाड़े ज्वैलरी चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले के बालेसर कस्बे में दिनदहाड़े एक ज्वैलरी की दुकान पर अज्ञात महिलाएं दुकानदार को बातों में उलझा कर करीब डेढ़ लाख कीमत के चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गई। चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। दुकानदार शेखर सोनी ने बताया कि पुराना पुलिस थाना सडक़ की गली में उसकी ज्वेलरी की दुकान है। शनिवार को सुबह करीब 11.17 बजे चार महिलाएं उनकी दुकान में आई तथा दुकान में बैठे स्टाफ को पायल दिखाने के लिए बोला। चार महिलाएं एक साथ बोलने एवं चेहरे पर घूंघट होने से पहचान नहीं पाए। फटाफट सामान दिखाने के लिए बोला तो स्टाफ ने चांदी के डिब्बे निकाल कर उनके सामने रख दिए। एक महिला ने उनको बातों में उलझाए रखा तथा दो अन्य महिलाओं ने चोरी चुपके अपने कपड़ों में डालकर करीब 150 तोला चांदी के जेवर गायब कर दिए। और 11.28 बजे चारों महिलाएं दुकान से बाहर निकल गई। थोड़ी देर बाद जब दुकान के स्टाफ ने सामान को देखा तो चांदी के काफी आइटम गायब मिले। तब सीसीटीवी फुटेज चैक किए तो चारों महिलाएं जेवर चोरी करती हुई नजर आई। पुलिस को सूचना दी एवं महिलाओं की तलाश की लेकिन नहीं मिली।

### राणा वाराह दहिया की जयंती मनाई

**सायला**, (निसं)। राणा वाराह दहिया सर्किल पर रविवार को दहियावटी के संस्थापक व जालोर शासक राणा वाराह दहिया की 83०वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुसज्जित हाथी पर विराजमान लाभार्थियों ने राणा वाराह दहिया की अश्वारूढ तस्वीर पर माला पहनाई। राणा वाराह दहिया की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान समाजबंधुओं द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। उल्लेखनीय हैं कि रियासत काल में राणा वाराह दहिया का जालोर रियासत पर शासन था। वर्तमान में जालोर का 64 गावों का क्षेत्र आज भी दहियावटी क्षेत्र के नाम से जाना जाता हैं। राणा वाराह दहिया महान परा मी शासक हुए हैं। इस दौरान जबरसिंह देता, पहाड़सिंह देता, मंगलसिंह सायला, विक्रमसिंह सायला, इंद्रसिंह सायला, उत्तमसिंह, भीमसिंह सायला, मेघसिंह तुरा, भंवरसिंह सुराणा, दुर्जनसिंह सुराणा, नरपतसिंह सुराणा, नारायणसिंह सुराणा, अभयसिंह सुराणा, सुजानसिंह सुराणा, वरदसिंह वालेरा, जबरसिंह आसाणा, छैलसिंह आसाणा, शंभुसिंह चौराऊ, रतनसिंह चौराऊ, बाबूसिंह सिराना, हुकमसिंह कोमता, राणसिंह कोमता, मालमसिंह सांथू , हरिसिंह थलवाड, रविन्द्रसिंह, अमरसिंह भुण्डवा, कालूसिंह वीराना सहित समाजबंधु मौजूद थे।

# जोधपुर पुलिस ने पांच इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर पुलिस ने तीन अलग-अलग ऑपरेशन में पांच इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन सगरवंशी, शकीरा और दंश के तहत की गई कार्रवाई में पकड़े गए बदमाशों पर कुल 1.20 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि सबसे बड़ी कार्रवाई ऑपरेशन सगरवंशी के तहत की गई, जिसमें 50 हजार का इनामी भागीरथ गिरफ्तार हुआ। राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा में वांछित भागीरथ पर ड्रग्स और शराब तस्करी, हत्या का प्रयास, वाहन चोरी समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं। सात साल से फरार भागीरथ को पकड़ने के लिए 10 महीने से विशेष अभियान चलाया जा रहा था। राजस्थान के बाड़मेर, बालोतरा, फलोदी, जोधपुर और जालौर में वह वांछित था।

पिछले छह महीने से गोवा में रह रहा भागीरथ ड्रग्स से कमाए पैसों को शराब की दुकानों में निवेश कर रहा था। उसने तीन दुकानें खरीद ली थीं और परिवार को भी गोवा शिफ्ट कर लिया था। हर एक-दो महीने में गुड़ामालानी आकर पुराने साथियों से मिलता और हिसाब-किताब कर लौट जाता।

पुलिस की साइक्लोनर टीम तीन बार गोवा गई, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। अंततः उसके ससुराल वालों की निगरानी से उसका पता चला और उसे दबोच लिया गया। पकड़े जाने पर भागीरथ ने अपनी पत्नी को कोसते हुए कहा कि उसी के चक्कर में नशे के धंधे में कूदा और आज उसी की संपत्ति खरीदने की जिद के कारण मार्केट आया और पकड़ा गया। नहीं तो कभी पकड़ा नहीं जाता। भागीरथ की पूछताछ से उसके सहयोगी दिनेश का पता चला, जिस पर 10 हजार का इनाम था। धोरीमन्ना में कॉलेज चलाने वाला दिनेश बड़े तस्करों को शरण देता था। वह पुलिस की हरकतों पर नजर रखता और अपराधियों को सतर्क करता था। उस पर हत्या का प्रयास, मारपीट और परीक्षा घोटाले के मामले दर्ज हैं।

20 हजार के इनामी राकेश मतवाला को कपरड़ा के खेजड़ली से गिरफ्तार किया गया। तीन साल से नशे के बड़े कारोबारी के रूप में उभर रहे राकेश पर तस्करी, आर्म्स एक्ट और वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। वह खेत की ऊंचाई पर बने ठिकाने में छिपा था, जहां पुलिस मोटरसाइकिल से पहुंची और उसे दबोच लिया।

इसी दौरान 10 हजार का इनामी सुनील भी पकड़ा गया, जो सांचौर के लक्ष्मण देवासी हत्याकांड में वांछित था। उसने अपना नाम रॉबिन बिश्नोई रख लिया था और दिनेश सहारण की बहन को धर्म बहन बनाकर उसके फार्म पर रह रहा था।

ऑपरेशन दंश के तहत बालोतरा से 30 हजार के इनामी दिनेश को पकड़ा गया। बालोतरा, बाड़मेर और चित्तौड़गढ़ में वांछित दिनेश पिछले 16 वर्षों से नशे का कारोबार कर रहा था।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि सभी बदमाश आपस में एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। पुलिस की विभिन्न साइक्लोनर टीमों ने लंबी निगरानी और रणनीतिक कार्रवाई से इन्हें गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में नशा और अपराध के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

# एम.डी.एम. अस्पताल में ब्रेन एनीयुरिज्म का पहला सफल इलाज

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर अस्पताल (एमडीएम), जोधपुर ने न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 51 वर्षीय महिला रासल कंवर, जो गंभीर सिरदर्द, चक्कर और दृष्टि धुंधली होने की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचीं थीं, को जांच के बाद दाहिनी आंतरिक कैरोटिड आर्टरी में विशाल ब्रेन एनीयुरिज्म से ग्रसित पाया गया।

यह एक जटिल और जानलेवा स्थिति होती है, जिसके लिए एमडीएम अस्पताल में पहली बार अत्याधुनिक न्यूरोइंटरवेंशनल तकनीक – कोइलिंग और फ्लो डाइवर्टर – का उपयोग करते हुए सफल उपचार किया गया।

इस ऐतिहासिक चिकित्सा उपलब्धि का नेतृत्व न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. शरद थानवी ने किया। उन्हें इस कार्य में एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर से आमंत्रित विशेषज्ञों – डॉ. त्रिलोचन श्रीवास्तव (सीनियर प्रोफेसर, न्यूरोलॉजी) और डॉ. अशोक गांधी (सीनियर प्रोफेसर, न्यूरोसर्जरी) का सहयोग प्राप्त हुआ।

न्यूरोसर्जरी टीम में डॉ. हितेश पी. बुलचंदानी (असिस्टेंट प्रोफेसर) और रेज़िडेंट डॉक्टर्स डॉ. अमन राज, डॉ. राहुल राय, डॉ. मोहम्मद फैज़ मलिक, और डॉ. खगेश के. आनंद – शामिल रहे जिन्होंने सर्जरी की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. राकेश कर्णावत और डॉ. मनीष झा ने किया। जिनके साथ रेज़िडेंट डॉ. जीवन मोगली ने सहयोग प्रदान किया। इस जटिल और उच्च जोखिम वाली प्रक्रिया के सफल निष्पादन के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित और प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. बी.एस. जोधा ने संपूर्ण टीम की सराहना की और इसे एमडीएम अस्पताल के लिए एक मील का पत्थर बताया।

इलाज के बाद रासल कंवर को आज स्वस्थ और स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# झूठा हलफनामा पेश करने वाले की याचिका खारिज

> ■ याचिकाकर्ता पर हाईकोर्ट ने 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया, इसके साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने फार्मासिस्ट भर्ती प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेज और झूठा हलफनामा पेश करने वाले याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज कर दिया। फर्जी दस्तावेज लगाने पर याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। इसके साथ ही फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन, 2015 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से अतिरिक्त राजकीय वकील (एजीसी) मुकेश दवे ने पैरवी की।

दवे ने बताया कि मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 22 मई को आदेश दिए थे। दवे ने बताया कि जोधपुर की मिल्कमैन कॉलोनी निवासी केदार रूप परिहार ने 25 अप्रैल 2023 को जारी विज्ञापन के आधार पर ओबीसी-एनसीएल श्रेणी में फार्मासिस्ट पद के लिए आवेदन किया था। याचिकाकर्ता का दावा था कि उसके 67.43 प्रतिशत अंक थे, जो कट ऑफ से अधिक थे। इसके बाद भी उसका नाम अंतिम चयन सूची में नहीं आया। जवाब में विभाग ने बताया कि कोविड-19 की अवधि में सरकारी अस्पताल में कार्य अनुभव के लिए बोनस अंक नहीं दिए गए थे, क्योंकि उसी अवधि में याचिकाकर्ता निजी मेडिकल शॉप पर भी फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत था, जो नियमों के खिलाफ है।

सुनवाई के दौरान स्पष्ट हुआ कि याचिकाकर्ता ने बोनस अंक पाने के लिए न केवल झूठा हलफनामा दिया, बल्कि दस्तावेज सत्यापन के समय फर्जी डॉक्यूमेंट भी पेश किए। याचिकाकर्ता ने अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र पर ड्रग लाइसेंस की समाप्ति तिथि 30 मार्च 2018 दर्शाई, जबकि लाइसेंस 24 जनवरी 2023 तक सक्रिय था।

कोर्ट में प्रस्तुत असली प्रमाण पत्र पर 30 मार्च 2018 की कोई प्रविष्टि नहीं थी, जिससे स्पष्ट हुआ कि दस्तावेज में सील और हस्ताक्षर फर्जी थे। हलफनामे में भी याचिकाकर्ता ने गलत जानकारी दी कि उसने अनुभव अवधि में किसी निजी मेडिकल शॉप पर कार्य नहीं किया, जबकि रिकॉर्ड में विपरीत तथ्य सामने आए।

सुनवाई करते हुए जस्टिस रेखा बोराणा ने कहा कि यह मामला न केवल सरकारी विभाग के साथ, बल्कि कोर्ट के साथ भी फर्जीवाड़े का है। याचिकाकर्ता ने अनुचित लाभ के लिए न केवल फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए, बल्कि कोर्ट में भी झूठे तथ्य पेश किए।

कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया, जिसे एक माह के भीतर जमा कराने के आदेश दिए गए। साथ ही, कोर्ट ने फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन एक्ट 2015 की धारा 14 के तहत याचिकाकर्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। संबंधित प्राधिकरण को 8 सप्ताह में कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## मासूम से अश्लील हरकतें, आरोपी को लोगों ने पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के एक क्षेत्र में नौ साल की मासूम से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में पकड़े गए आरोपी को लोगों ने पकड़ कर बिठाया और बुरी तरह पिटाई की, जिसका वीडियो रविवार को वायरल हुआ। आरोपी को पकड़कर बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। जांच कुड़ी थानाधिकारी हमीर सिंह की तरफ से की जा रही है।

कुड़ी पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसकी नौ साल की बच्ची घर के बाहर गाय को रोटी देने आई थी। तब सामने एक व्यक्ति खड़ा था और उसने गलत इशारे करते हुए बच्ची को अपने पास बुलाया और अश्लील हरकतें की। इसका पता आसपास रहने वाले लोगों को लगा तो बदमाश को पकड़ लिया और पिटाई कर दी। पकड़े गए बदमाश को आसपास एकत्र हुए लोगों ने पहले बुरी तरह पीटने के साथ उसका वीडियो भी बनाया जो कि रविवार को सामने आया। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी ने पूछताछ में खुद का नाम यासीन बताया है। इस पर बच्ची के पिता ने उसे नामजद करते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया।

# ग्लोबल प्लास्टिक प्रदूषण का अंत विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के सहयोग से नगर निगम उत्तर की ओर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में ''ग्लोबल प्लास्टिक प्रदूषण का अंत विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम किए गए।

आयुक्त उत्तर सिद्धार्थ पालानीचामी ने बताया कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से प्लास्टिक के उपयोग पर प्रभावी रोकथाम करने और आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए '' ग्लोबल प्लास्टिक प्रदूषण का अंत'' थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में नगर निगम उत्तर की ओर से उम्मेद उद्यान एवं घंटाघर क्षेत्रों में प्रतिज्ञा समारोह, प्लास्टिक क्लीन-अप ड्राइव और कपड़े के थैलों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही युवाओं को जोड़ते हुए पंजीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न करवाई गई। उन्होंने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य आमजन को प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के लिए प्रेरित करना और दैनिक जीवन में वैकल्पिक रूप से कपड़े के थैलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है । इस दौरान नगर निगम उत्तर नोडल अधिकारी अंकित पुरोहित, एनसीएपी कंसल्टेंट राकेश गोरा, एमआईएस इंजीनियर कानदास एवं सीएसआई टीम के सदस्य अनिल, पंकज और चिनू उपस्थित रहे। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम जोधपुर उत्तर ने आगामी दिनों में एक मेगा इवेंट करने की योजना बनाई है, साथ ही हर माह जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है।

